वर्ष 3 अंक 144
पृष्ठ 14
धनबाद, शनिवार
29 नवंबर 2014
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण





# विद्यार्थी ही देश का भविष्य : डीटी




नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे — जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल का द्वितीय वार्षिकोत्सव शुक्रवार की शाम रवींद्र भवन में मनाया गया। ईसीएल के तकनीकी निदेशक सुब्रत चक्रवर्ती सहित अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही देश के भविष्य है। उन्हें बेहतर शिक्षा देने का दायित्व शिक्षकों पर ही है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच समन्वय जरूरी है। वर्तमान समय में किताबी ज्ञान के साथ ही अन्य गतिविधियां भी जरूरी है। समारोह में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल बिदिशा चटर्जी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने वक्तव्य रखा। इसके बाद नन्हें-मुन्हें बच्चों ने शलाला.., कक्षा एक के बच्चों ने रेन ड्राप्स.. पर नृत्य किया। उसके बाद अतिथि देवो भवः, स्पैनिश संगीत, मोमो चिट्टे नृत्य किया गया। उसके बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया।